# राष्ट्रीय सेवा भारती

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा,युगाब्द-5126
भारतीय नववर्ष , नव संवत्सर
**विक्रम संवत 2081**
की हार्दिक शुभकामनाएं

www.rashtriyasewabharati.org | वर्ष 2024, शुक्ल पक्ष (चैत्र) विक्रम संवत - 2081, अप्रैल




# समर्पित जीवन


## एक आधुनिक संत माधवराव काणे

सर्दी, गर्मी और वर्षा हर मौसम में पैरों में हवाई चप्पल तन पर बेहद साधारण कुर्ता-धोती पहने तलासरी के बीहड़ वनवासी गांवों में लम्बी लम्बी दूरी पैदल चलकर वहां के बच्चों के लिए ज्ञान के दरवाजे खोलने वाले माधवराव जी काणे का जीवन 50वर्षों के समपर्ण की कथा है।15 दिसम्बर 1927 को कल्याण के एक मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मे माधवराव काणे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उन कार्यकर्ताओं में से एक थे जिनकी जीवन यात्रा से संघ को समझा जा सकता है। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के तलासरी तालुका मे वनवासी बालको को पढ़ाने व आगे बढाने के लिए जीवन के 29 वर्ष समर्पित करने वाले काणे जी जीवन भर केवल औरों के लिए जिए। युवावस्था में गोवा मुक्ति के संघर्ष में अंत तक सत्याग्रही की भुमिका निभाने वाले माधवराव जी आगे जाकर 1964 में कल्याण नगर पालिका में देश के युवा अध्यक्ष बने। किंतु इस आधुनिक तपस्वी ने अपने मार्गदर्शक प्रचारक दामू अन्ना टोकेकर जी के आह्वान पर राजनीतिको त्याग कर वनवासियों की सेवा के लिए तलासरी के बीहडों की ओर रुख कर लिया। काणे जी के अथक प्रयासों से 1967 में मात्र 5 विद्यार्थीयों से एक झोपडी में वनवासी बस्ती गृह के नाम से जनजाती बालको को पढ़ाने के लिए एक छात्रावास की शुरुआत की। बाद में काणे जी के प्रयासों से दस एकड़ भूमि छात्रावास को दान में मिली। इस छात्रावास में रहकर विगत 55 वर्षों में 2000 से अधिक बच्चे पढ कर जीवन के अनेक क्षेत्रो में आगे बढ़े हैं। यहां से ड़ॉक्टर, इंजीनियर एवं अनेक उच्च पदों पर आसीन होने वाले विद्यार्थियों को संस्कारित कर उन्हें अच्छा व नेक इंसान बनाने के लिए माधवराव जी अनवरत 28 वर्ष पूर्ण समर्पण से इस कार्य में लगे रहे। माधवराव जी के साथ प्रतिछाया बनकर छात्रावास का प्रबंधन संभालने वाले स्वयंसेवक अप्पा जी जोशी बताते हैं कि- "माधवराव जी वास्तव में आधुनिक युग के संत थे। वे सदैव खटिया पर सोते थे, साधारण जीवन जीते थे, झोपडी में रहते थे व पैदल ही प्रवास करते थे। उनके ही प्रयासों से तलासरी दहानू व पालघर में नक्सलवाद जड़ से समाप्त हो गया।" केवल 17 वर्ष की उम्र में अपने माता-पिता को खोने वाले माधवराव जी को जब अंतिम समय में कैंसर हुआ तो उन्होंने ड़ॉक्टरों से आग्रह किया कि उनके इलाज में लगने वाला खर्च छात्रावास में लगा दिया जाए,क्योंकि उनके अनुसार वे तो अपनी यात्रा पुर्ण कर चुके थे।

**"प्रसिद्धि की जगमगाहट से दूर बीहड़ अंधेरों में विकास के द्वार खोलने के लिए माधवराव जी ने सारा जीवन समर्पित कर दिया"** दत्तोपंत ठेंगड़ीजी के ये शब्द उनके व्यक्तित्व को बिल्कुल सही परिभाषित करते हैं।








### सेवा कार्यवृत्त

❝ नर सेवा नारायण सेवा का मूल ध्येय लेकर समाज में वंचित, अभावग्रस्त, उपेक्षित एवं पीड़ित लोगों के सर्वांगीण विकास हेतु राष्ट्रीय सेवा भारती सतत कार्यरत है। यह नगरीय -झुग्गी झोपड़ी एवं पुनर्वास बस्तियों में समाज कल्याण कार्यक्रम जैसे नि:शुल्क चिकित्सा, नि:शुल्क शिक्षा, कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से भी कार्यरत है। देशभर के 903 जिलों में राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा 43045 सेवा कार्य चलाए जा रहे हैं। ❞




**प्रान्त: केरल**

**"अट्टुकल पोंगाला"** महोत्सव में सेवा भारती हर साल अट्टुकल पोंगाला दिवस पर तिरुवनंतपुरम शहर और उपनगरों में सेवा गतिविधियों का आयोजन करती है। तिरुवनंतपुरम जिले में, सेवा भारती समितियाँ, प्राथमिक चिकित्सा, एम्बुलेंस, पेयजल और भोजन आदि प्रदान करने वाले कार्यकर्ताओं के साथ, 49 चिकित्सा शिविरों, 37 एम्बुलेंस सेवाओं, 29 भोजन काउंटरों, 30 पेयजल स्टेशनों के माध्यम से 800 स्वयंसेवकों सहित लाखों भक्तों की सेवा करती है। इन गतिविधियों में 65 डॉक्टरों, 115 नर्सिंग स्टाफ ने भाग लिया।

**49** चिकित्सा शिविर

**37** एम्बुलेंस सेवा

**29** भोजन काउंटर

**30** पेयजल स्टेशन

**800** स्वयंसेवक

**65** डॉक्टर

**115** नर्सिंग स्टाफ





**प्रान्त : अवध**

राष्ट्रीय सेवा भारती के सहयोग से कुष्ठ बस्तियों में निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित समर्पण चल चिकित्सालय सेवा के माध्यम से उत्तर प्रदेश के बिजनौर में स्थित सेवा सदन कुष्ठ आश्रम में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुष्ठ रोगी भाई-बहनों के घावों की साफ-सफाई, मरहम-पट्टी एवं लघु शल्य-चिकित्सा के साथ -साथ आवश्यक स्वास्थ्य जांच जैसे रक्तचाप, मधुमेह एवं संपूर्ण रक्त जांच की गई। इसके अतिरिक्त अनुभवी चिकित्सकों द्वारा परामर्श एवं आवश्यकतानुसार दवाएं-इंजेक्शन, दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं महिलाओं को सैनेट्री पैड भी वितरित किए गए।



**प्रान्त : हरियाणा**

सेवा भारती हरियाणा प्रदेश द्वारा इस वर्ष छात्रावास प्रवेश परीक्षा का आयोजन 17 मार्च को सेवा श्री आश्रम (सेवा भारती प्रांत कार्यालय) करनाल में हुआ । जिसमे प्रांत भर से कुल 377 आवेदन ( 110 बालिका एवं 267 बालक)प्राप्त हुए । परीक्षा देने के लिए कुल 272 विद्यार्थी आए एवं सभी उत्तीर्ण हुए । छात्रावास के लिए 107 विद्यार्थियों (19 बालिकाओं एवं 88 बालकों ) का चयन किया गया ।



**प्रान्त: जम्मू**

सेवा भारती जम्मू-कश्मीर ने नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन (एनएमओ) जम्मू-कश्मीर लद्दाख के सहयोग से गोरखा नगर, बाग में **'एक दिवानिया "माता साध्वी" स्वास्थ्य शिविर'** नामक एक दिवसीय मुफ्त चिकित्सा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। 17 मार्च 2024 को विभिन्न विषयों के विभिन्न विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं, जिनमें नेत्र विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक एवं चिकित्सा अधिकारी शामिल थे।

लगभग 100 से अधिक लाभार्थियों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और परामर्श का लाभ उठाया। इसके अलावा, रक्त शर्करा की निगरानी, रक्तचाप की निगरानी और भाग लेने वाले स्वास्थ्य पेशेवरों द्वारा निर्धारित मुफ्त दवा भी लाभार्थियों को वितरित की गई।




**प्रान्त : दिल्ली**

सेवा भारती द्वारा चलाया जा रहा प्रकल्प सक्षम में NMO और गंगाराम हॉस्पिटल द्वारा हर रविवार की तरह इस रविवार भी मेडिकल कैंप लगाया गया। यह मेडिकल कैंप श्रद्धानंद मार्ग पर लगाया गया जिसमें 114 लोगों को इस मेडिकल कैंप का लाभ मिला। एवं सेवा भारती द्वारा उत्कर्ष में पढ़ रहे बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें 35 बच्चों ने भाग लिया। उनमें विजेता छात्रों को आज NMO और सर गंगाराम हॉस्पिटल के डॉक्टर्स के द्वारा पुरस्कृत किया गया।




**प्रान्त : मालवा**

टेनेको क्लीन एयर इंडिया लिमिटेड पीथमपुर,भैय्या जी दाणी सेवा न्यास मालवा प्रान्त, सेवा भारती सागौर पीथमपुर नगर, सेवाकुंज हॉस्पिटल एवं L N C T मेडिकल कॉलेज कनाडिया रोड, इंदौर के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क मल्टी स्पेशलिटी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, का आयोजन ग्राम आशु खेड़ी पीथमपुर जिला धार में किया गया।

टेनेको क्लीन के प्लांट हेड महेश कुमार जी एवं सेवा भारती मालवा प्रांत संगठन मंत्री रविंद्र जी मालवीय द्वारा शिविर का शुभारंभ किया गया जिसमें कुल 314 महिलाओं एवं पुरुषों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। शिविर में दवाइयां एवं फर्स्ट एड किट का निःशुल्क वितरण टेनेको क्लीन एयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से किया गया।



**प्रान्त : अवध**

सेवा भारती के प्रांतीय कार्यालय "भरत भवन" कुण्डरी रकाबगंज ,लखनऊ में **बाल संस्कार केन्द्र शिक्षक एवम शिक्षिका प्रशिक्षण वर्ग**, लखनऊ विभाग का आयोजन हुआ । जहां आये हुए सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को अपने अपने केन्द्रों को किस प्रकार गुणवत्तापूर्वक चलाना चाहिए इसपर उन्हें विस्तार से बताया गया वहीं दूसरी ओर बच्चों में किस प्रकार संस्कार का सृजन हो एवम बच्चे संस्कारित हों जिससे वे आगे चलकर अपने व समाज के समग्र विकास में सहयोगी बने, इस विषय पर चर्चा हुई।

इस अवसर पर लखनऊ विभाग के सभी बाल संस्कार केन्द्रों के शिक्षक शिक्षिका एवम सेवा भारती परिवार के आदरणीय कार्यकर्ता बंधुजन उपस्थित रहे।




**प्रान्त : मेरठ**

सेवा भारती मेरठ प्रांत द्वारा दिनांक 30 मार्च से 31 मार्च तक चलने वाला प्रशिक्षण वर्ग माधव कुंज मेरठ में लगाया गया। उद्घाटन श्री परागजी अभ्यंकर अखिल भारतीय सेवा प्रमुख जी ने किया। पूरे प्रांत से लगभग 200 कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




**प्रान्त : जयपुर**

सेवा भारती जिला राजसमंद, मधुकर कार्यालय काँकरोली में प्रकल्प शिक्षिकाओं का मासिक अभ्यास वर्ग संपन्न हुआ जिसमें वन्दना एवं खेल का अभ्यास कराया गया। वर्तमान समय मे शिक्षा के साथ संस्कारों की आवश्यकता के बारे में अवगत कराया गया।



## प्रान्त : मालवा

सेवा भारती बालिका छात्रावास उज्जैन,मालवा प्रान्त में रोटरी क्लब ऑफ उज्जैन ग्रेटर के सौजन्य से एक स्थाई सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर किया गया। छात्रावास की बालिकाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए यह सिलाई प्रशिक्षण केंद्र एक शक्तिशाली स्तंभ के रूप में सहायक सिद्ध होगा। इस सिलाई केंद्र से छात्रावास में निवासरत 60 बालिकाएं लाभांवित होंगी।




## प्रान्त : पंजाब

सेवा भारती, लुधियाना द्वारा 11वां रक्तदान शिविर हीरो हार्ट डी.एम.सी. अस्पताल के डुमरा हॉल में लगाया गया। इस मौके पर रक्तदानियों में रक्तदान करने का उत्साह देखने को मिला। रक्तदानियों के लिए खाने-पीने के प्रबंध थे, वहीं सर्टीफिकेट व मोमैंटो देकर उनका सम्मान किया गया। इस कैम्प में 154 लोगों ने रक्तदान करके मानवता के प्रति अपना फर्ज निभाया है।




## प्रान्त : मध्य भारत

महानगर महिला मंडल, भोपाल द्वारा बस्ती की 35 शिक्षिकाएं जो कर्तव्य निष्ठा और समर्पण भाव से बस्तियों में आदर्श संस्कार केंद्र संचालित कर रहीं हैं , उन्हें शाल श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि DIG मोनिका शुक्ला जी ने पुलिस को अपना मित्र समझने की सलाह दी , बेटियों को पुलिस अफसर बनने के लाभ बताए तथा महत्वपूर्ण फोन नंबर साझा किए। डॉ उषा शर्मा जी ने सेवा भारती के कार्यों की सराहना की। मुख्य वक्ता श्रीमती अमिता जैन जी ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए शिक्षिकाओं को मार्गदर्शित किया।



## प्रान्त : अवध

सेवा भारती, लखनऊ एवम समाज के गड़मान्य समाजसेवकों के माध्यम से 10 अप्रैल 2024 को खुलने जा रहे छात्रावास "हर प्रसाद गुर प्रसाद छात्रावास" ,हुसैन गंज, वेलिंगटन चौराहा, लखनऊ दक्षिण में लखनऊ एवम लखनऊ से बाहर से आए हुए छात्रों की चयन प्रक्रिया के क्रम में उनकी प्रवेश परीक्षा एवम साक्षात्कार का आयोजन सफलता पूर्वक हुआ। प्रथम चरण में 16 छात्र प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर छात्रों के अभिवावकों से जहां एक ओर उनकी सम्पूर्ण जानकारी एकत्रित की गई वहीं दूसरी ओर छात्रों की प्रवेश परीक्षा के साथ उनका व्यवहारिक ज्ञान भी जांचा गया।




**प्रान्त : झारखण्ड**

13 मार्च 2024, सेवा भारती, झारखंड का दो दिवसीय सेवा सारथी प्रशिक्षण वर्ग रांची के जोन्हा स्थित सेवा धाम में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम विकास के अखिल भारतीय कार्यकारणी सदस्य सिद्धिनाथ सिंह ने कहा कि देश की नौका को परम वैभव तक ले जाने वाला नाविक, सारथी महिलाओं को बनना होगा। दो दिवसीय सेवा सारथी प्रशिक्षण वर्ग में पर्यावरण,जल संरक्षण,नागरिक कर्तव्य पालन, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी अपनाओ व परिणामकारी सेवा कार्य वृद्धि को लेकर तज्ञ महानुभावों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। वर्ग में आए सेवा सारथी ने भी अपने अनुभव कथन साझा किया एवं अपने अपने कार्य क्षेत्रों में सेवा के माध्यम सामाजिक नवजागरण का संकल्प लिया।



**प्रान्त : तेलंगाना**

सेवा भारती तेलंगाना द्वारा सुपोषित भारत जागरण के अंतर्गत सुपोषण शिविर आयोजित किया गया।यह किशोरियों एवं महिलाओं में कुपोषण की पहचान करने और उस पर आवश्यक कदम उठाने में सहायक होगा।



**प्रान्त : मध्य भारत**

सेवा भारती,नगर गंज बासौदा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर निवेदिता भारती की बहनों को स्वच्छता किट वितरण एवं समाज सेवी महिलाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।इस अवसर पर सेवा भारती द्वारा निवेदिता भारती का भी गठन किया गया।




**यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों द्वारा यमुना खादर में बच्चों को शिक्षा प्रदान करने का एक प्रयास।**



**प्रान्त : जोधपुर**

सेवा भारती अनूपगढ द्वारा ढोली बस्ती में सेवा भारती जिला स्वास्थ्य आयाम प्रमुख वीरपाल जी वर्मा व डॉ कंचन जी वर्मा के सानिध्य मे नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर व एक्यूप्रेशर शिविर का आयोजन किया गया शिविर में 65 बस्तियों के बंधू लाभान्वित हुए।




## आत्म निर्भर भारत का आधार

# अपनी बस्ती, अपना उद्यम

### उद्योग भारती, पाली

■ **विनोद कुमार बिड़ला**

कोरोना के कारण आर्थिक दृष्टि से विषम परिस्थितियां पैदा हो गई थी इसी के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं लघु उद्योग भारती ने किस प्रकार से लोग आत्मनिर्भर बने एवं स्वरोजगार का सर्जन हो और लोग अपने स्वयं के स्तर पर कुछ कार्य कर सके इस हेतु पूरे देश में योजना प्रारंभ की।

लघु उद्योग भारती ने पाली में लोग आत्मनिर्भर बन सकें एवं घर पर ही रोजगार का सृजन हो सके इस उद्देश्य से स्थाई रूप से कर्मचारी नियुक्त कर सरस्वती शिक्षा समिति के सहयोग से सरस्वती विद्या मंदिर की एक कक्ष में स्थाई कार्यालय प्रारंभ किया।

पाली क्षेत्र के लोगों से रोजगार हेतु आवेदन मांगे गए प्राप्त 800 से ज्यादा आवेदन में से 400 लोगों को सीधा रोजगार लघु उद्योग भारती द्वारा उपलब्ध करवाया गया। स्थानीय आवश्यकता को देखते हुए सरस्वती शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर में लघु उद्योग भारती द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम आरम्भ किया गया।

इस प्रशिक्षण में ऑटोमेटिक मशीन से सिलाई प्रशिक्षण का 45 दिन का एक कोर्स सिखाया जा रहा है जिससे सलवार सूट ,कुर्ती दुपट्टा नाइटी ,पायजामा या अन्य कोई भी रेडीमेड वस्त्र की सिलाई की रही है। इस केंद्र पर अभी तक 800 से ज्यादा माताओं, बहनों को नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण दिया जा चूका है।

घर पर सिलाई मशीन उपलब्ध करवाने की योजना

प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं ने घर पर सिलाई मशीन उपलब्ध होने की स्थिति में इस कार्य में रुचि दिखाई क्योंकि कई महिलाओं को कार्य स्थल पर जाकर कार्य करने में कठिनाई थी।

प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को घर पर सिलाई मशीन उपलब्ध करवाने की योजना प्रारंभ की। वर्तमान में स्थानीय विधायक द्वारा उपलब्ध करवाई गई लगभग।100 मशीनें महिलाओं एवं बालिकाओं को उपलब्ध करवाई गई है। इनमें बिजली चालित इंटरलॉक मशीन लगभग 22000 से ₹25000 कीमत की है एवं साड़ी फॉल की मशीन लगभग 40 से 50 हजार कीमत की आती है।

इसमें उनसे शपथ पत्र भरवा कर मशीन की कीमत की 15 से 20% अग्रिम राशि लेकर मशीन उपलब्ध करवाई जा रही है एवं उनको स्थानीय उद्योग से काम दिलवाने के साथ ही प्रति माह अलग-अलग मशीन अनुसार किस्त वापस लेकर उस राशि को संग्रहित कर उनसे फिर नई महिलाओं एवं बालिकाओं को मशीनें उपलब्ध करवाई जाती है।

घर पर कार्य करने वाली माताओं एवं बहनों में से कुछ ने अपने स्तर पर छोटे कारखाने भी स्थापित कर लिए हैं। जिसमें कई तरह के आइटम बनाकर ऑनलाइन माध्यमों से बेचना प्रारंभ कर काफी अच्छा कार्य कर रही है।

**कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम**

संस्था द्वारा युवाओं एवं बालिकाओं को अकाउंट्स का कंप्यूटर प्रशिक्षण का कार्यक्रम भी चलाया गया। जिस में भी लगभग 300 लोग प्रशिक्षण ले चुके है। प्रशिक्षण प्राप्त अधिकांश लोगे सीधे लघु उद्योग भारती के सहयोग से सीधे रोजगार प्राप्त कर चुके हैं। महिलाओं को पाली लघु उद्योग भारती द्वारा चूड़ी कंगन निर्माण उद्योग के क्षेत्र में मशीन उपलब्ध करवाने का कार्य प्रारंभ किया। आधुनिक मशीनों से आय चारगुना अधिक होने लगी है।




सेवा भारती, चंडीगढ़ की टोली ने रामदरबार सिलाई सेंटर में होली का कार्यक्रम आयोजन किया गया।



देवगिरी प्रान्त जनकल्याण आवासीय विद्यालय हरंगुल (बु), लातूर में हर्षोल्लास के साथ होली मनायी गयी




सेवा भारती दिल्ली के उत्कर्ष प्रकल्प पर फूलो की होली का कार्यक्रम आयोजित किया गया।




सेवा भारती ब्रज प्रान्त के मथुरा विभाग कार्यकर्ता बैठक आयोजित की गयी।



सेवा भारती उड़ीसा पश्चिम में शहीदी दिवस के उपलक्ष पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।



कर्नाटक दक्षिण प्रान्त में मैंगलोर विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन शिविर प्रशिक्षण वर्ग में प्रतिभागियों की संख्या 248 रही।

कार्यालय पता:
**राष्ट्रीय सेवा भारती**
BD-37, गली न.14, फैज़ रोड,
करोल बाग, नई दिल्ली -110005

वेबसाइट :www.rashtriyasewabharati.org
ईमेल : office@rashtriyasewabharati.org
फोन न. : 011-46523618,
मोबाइल न. 09868245005